प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 20.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे से होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, राज्यहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना।
- पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में हुई भीषण सड़क दुर्घटना, झारखंड के नौ लोगों की मौत, सभी शादी समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे सरायकेला।
- झारखंड हाईकोर्ट के लिए खराब क्वालिटी के सुरक्षा उपकरणों की खरीद मामले पर पुलिस मुख्यालय ने दी सफाई, कहा– उपकरणों की जांच के बाद संबंधित कंपनी का कार्यादेश पहले ही किया जा चुका है रद्द।
- राज्य के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी, जल जमाव के कारण रेल यातायात प्रभावित, चक्रधरपुर रेल मंडल ने आज भी कई ट्रेनों का परिचालन किया रद्द।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर राज्य में खासा उत्साह, रांची के खेलगांव में जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने किया खास प्रदर्शन, कल बिरसा मुंडा फन पार्क में होगा मुख्य कार्यक्रम।

***************************

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज प्रोजेक्ट भवन में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम 4 बजे से बुलायी गयी इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस को बुलायी गयी इस बैठक को कई मायने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

***************************

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में झारखंड के नौ लोगों की मौत हो गई है। यह दुर्घटना आज सुबह पुरुलिया–टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 18 पर हुई। बताया जा रहा है कि कार में सवार नौ लोग पुरुलिया की ओर से झारखंड आ रहे थे। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सभी लोग एक शादी समारोह में भाग लेकर सरायकेला–खरसांवा जिले के नीमडीह लौट रहे थे।

***************************

झारखंड हाईकोर्ट के लिए खराब क्वालिटी के सुरक्षा उपकरणों की खरीद का मुद्दा भाजपा ने उठाया था। इस पूरे मामले में पुलिस मुख्यालय ने पक्ष रखते हुए कहा है कि उपकरणों की जांच के बाद संबंधित कंपनी का कार्यादेश पहले ही रद्द किया जा चुका था। साथ ही इन उपकरणों को कभी भी हाईकोर्ट की सुरक्षा में प्रयुक्त नहीं किया गया। पुलिस मुख्यालय ने बताया कि न्यायालय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य पुलिस दृढ़ संकल्पित है और उसके लिए सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है।

***************************

राज्य के कई जिलों में बारिश का सिलसिला आज भी जारी है। लगातार हो रही बारिश का असर रेल सेवाओं पर भी पड़ा है। चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत टाटानगर रेलवे स्टेशन यार्ड में अत्यधिक जल जमाव की वजह से बरकाकाना–टाटानगर–बरकाकाना पैसेंजर और हटिया–टाटानगर – हटिया एक्सप्रेस ट्रेन को आज रद्द कर दिया गया है। लिंक रेक के विलंब से चलने एवं भारी बारिश की वजह से सिल्ली – किता रेलखंड के बीच मिट्टी बह जाने के कारण हटिया – पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में आज परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर दोपहर दो बजे हटिया से प्रस्थान करेगी।

***************************

लगातार बारिश जहां एक तरफ राज्यवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गयी है, वहीं दूसरी ओर अच्छी वर्षा से किसानों को राहत मिली है। सिमडेगा के किसान बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि खेती–किसानी के लिए अब अनुकूल स्थिति बन गयी है।

***************************

राजभवन में आज पश्चिम बंगाल का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इस दौरान पश्चिम बंगाल के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के सतत विकास और समृद्धि की कामना करते हुए स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

***************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************************

आकाशवाणी और आकाशवाणी समाचार की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज रांची में आकाशवाणी स्टेशनों के सीबीएस स्टेशनों – बिक्री प्रभाग के पूर्वी क्षेत्र की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सीबीएस स्टेशनों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि बिक्री प्रभाग को कार्यक्रम की विषय–वस्तु पर ध्यान केंद्रित करते हुए एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों को श्रोताओं के अनुकूल और संवादात्मक बनाया जाना चाहिए ताकि व्यापक दर्शक वर्ग को आकर्षित किया जा सके।
आकाशवाणी के उपनिदेशक सेल्स संजय प्रसाद सिंह ने आकाशवाणी के राजस्व सृजन और बिक्री लक्ष्य को बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

***************************

पश्चिमी सिंहभूम जिला अब सिर्फ खनिज पदार्थ और वन संपदाओं के लिए ही नहीं जाना जाएगा बल्कि पठन–पाठन के क्षेत्र में भी इस जिले की पहचान बन रही है।

***************************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सवेरे बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 725 अंक बढ़कर 82 हजार 87 पर और निफ्टी 230 अंक चढ़कर 25 हजार 23 पर पहुंच गया।

***************************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार नौ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चौदह हजार रुपये प्रति किलो है।

***************************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर राज्य में खासा उत्साह है। राज्य का मुख्य कार्यक्रम राजधानी रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में कल सबेरे छह बजे से आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन योगाभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगे। रांची जिला प्रशासन से लेकर आम नागरिक तक इस आयोजन को यादगार बनाने में जुटे हैं। इसी कड़ी में खेलगांव स्थित झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी– जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने योग का खास प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक तनाव को दूर कर जीवन में संतुलन बनाए रखने का सशक्त माध्यम है।

राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में भी कल सुबह साढ़े छह बजे से सात बजकर पैंतालीस मिनट तक योग संगम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें स्कूल के सभी बच्चे, शिक्षक और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य योगाभ्यास करेंगे। राज्य के सरकारी स्कूलों में हर महीने के तीसरे शनिवार को अवकाश होता है, लेकिन योग दिवस के अवसर पर यह छुट्टी रद्द की गयी है।

********************